तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

11 ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क ...



11 छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार ...





# भिरौद में जिला पंचायत सदस्य के पति से मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिरौद में शराब के नशे में उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। गांव के एक प्रतिष्ठित दुकानदार और जिला पंचायत सदस्य के पति के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल बना दिया है। पीड़ित ने थाना चारामा में लिखित शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार प्रतिष्ठित दुकानदार एवं जिला पंचायत सदस्य के पति ग्राम भिरौद निवासी 49 वर्षीय भुनेश्वर सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 31 मार्च को उनके ही गांव का निवासी बोधराज सोनवंशी शराब के नशे में उनकी दुकान के सामने पहुंचा। आरोपी ने आते ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और स्व सहायता समूह से जुड़े निजी मामलों को लेकर विवाद खड़ा करने लगा। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने उसे शांत रहने और ऐसी हरकत न करने की समझाइश दी, तो आरोपी और उग्र हो गया। उसने प्रार्थी की पत्नी, जो जिला पंचायत सदस्य हैं, का नाम लेकर अपमानजनक टिप्पणियां कीं और घमंड होने की बात कहते हुए अश्लील गालियां देने लगा। इसके बाद आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर जुट गए और बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित भुनेश्वर सिन्हा ने थाना प्रभारी चारामा को दिए आवेदन में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## पुलिस में शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग



### ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पहले भी कई बार शराब के नशे में इसी तरह का उत्पात मचा चुका है, जिससे इलाके में लगातार असुरक्षा का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई कर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सचिव भर्ती के लिए कौशल परीक्षा 5 को

**कांकेरन।** जिले में ग्राम पंचायत सचिव के 18 पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात 2118 आवेदक पात्र एवं 479 अपात्र पाए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विज्ञापन की शर्तों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों का चयन कर मेरिट के आधार पर कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन 05 अप्रैल 2026 को प्रातः साढ़े 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, माकड़ी सिंगराय में किया जाएगा।

### शराब बिक्री और पीने की सुविधा देने पर की कार्रवाई

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस और पखांजुर थाना पुलिस ने 31 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिया और शराब पीने कि सुविधा देने वाले को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दुधावा चौकी पुलिस ने आरोपी आरछीडोंगरी निवासी 30 वर्षीय विनीता बेसरा पति विमल के कब्जे से साढ़े 4 लीटर महुआ शराब कीमत 450 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही पखांजुर थाना पुलिस ने अड़ाफरसी निवासी रामूराम सलाम पिता जग्गू अवैध रूप से धन अर्जीत करने के लिए महुआ शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### करंट लगने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत तरहुल निवासी 38 वर्षीय नारद राम टांडिया पिता स्व. कलीराम का करंट लगने से 31 मार्च को मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक छत की ढलाई कर रहा था। उसी दौरान करंट लगने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग लड़की का अपहरण, मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत निवासी पीड़िता ने पुलिस कि बताया कि 31 मार्च को दोपहर को 2 बजे के आसपास नाबालिक बेटी का अज्ञात आरोपी अपहरण कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मुझे शंका है कि मेरी नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है । कांकेर थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लेते हुए नाबालिक की तलाश में जुट गई है।

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अंतागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेला भेजा। इस कार्यवाही के बाद पीड़ितो के परिजनों ने राहत की सांस ली। थाना अंतागढ़ में पीड़िता के परिजन ने 26 मार्च को शिकायत दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री को 21 वर्षीय अशोक बघेल कृष्णा बघेल ने तुम्हें पसंद करता हूं, कहकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसके बाद लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा है, जिससे नाबालिक पीड़िता गर्भवती हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी कोनेचुर निवासी 21 वर्षीय अशोक बघेल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आज भी कांकेर में बरकरार है नक्सली चुनौती

# 42 साल बाद कांकेर में नक्सलवाद का हुआ अंत, साल 84 में इरपानार से उठी थी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला कांकेर की धरती, जहां एक ओर प्राकृतिक सौंदर्य और आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत है, वहीं दूसरी ओर नक्सलवाद का लंबा और जटिल इतिहास भी जुड़ा हुआ है। वर्ष 1984 में एक छोटी सी घटना से शुरू हुआ यह सिलसिला आज संगठित नेटवर्क और कई डिविजनों तक फैल चुका है। समय के साथ नक्सली संगठन ने अपनी रणनीति, संरचना और प्रभाव क्षेत्र को लगातार विस्तार दिया, जिससे यह क्षेत्र दशकों से चुनौती बना हुआ है, जो अब अंतिम कगार पर खड़ा हुआ है।

विदित हो कि 20 दिसंबर 1984 को पखांजुर थाना की बांदे चौकी (वर्तमान में बांदे थाना) के ग्राम ईरपानार में नक्सली गतिविधियों की पहली बड़ी घटना सामने आई। एटापल्ली दलम के 8 से 10 नक्सलियों ने यहां डकैती और जान से मारने की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना क्षेत्र में नक्सल प्रभाव की शुरुआत साबित हुई। इसके बाद धीरे-धीरे कांकेर और भानुप्रतापपुर अनुभाग में नक्सली घटनाएं बढ़ने लगीं और संगठन ने अपनी जड़ें मजबूत करनी शुरू कर दीं। संगठनात्मक विस्तार की दिशा में नक्सलियों ने 1988 में नेशनल पार्क और एटापल्ली दलम के सदस्यों को मिलाकर अबुझमाड़ दलम का गठन किया। इसके बाद 1989 में केशकाल दलम और 1990 में कोण्डागांव-भानुप्रतापपुर दलम अस्तित्व में आए। वर्ष 1995 में उत्तर बस्तर डिवीजन का गठन किया गया, जिसने संगठन को एक संगठित ढांचा प्रदान किया।

### रणनीति व संरचना में कई बदलाव

समय के साथ नक्सली संगठन ने अपनी रणनीति और संरचना में कई बदलाव किए। वर्ष 2003 में एरिया कमेटी, एलजीएस (लोकल गुरिल्ला स्क्वॉड), एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वॉड) और सीएनएम (छत्तीसगढ़ नक्सल मिलिशिया) का गठन किया गया। इसके बाद 2004 में कंपनी नंबर 01 का गठन कर उसे तीन प्लाटून में विभाजित किया गया। वर्ष 2007 नक्सली गतिविधियों के लिए अहम रहा, जब प्लाटून नंबर 17 केशकाल क्षेत्र से निकलकर आमाबेड़ा, रावघाट और कांकेर तक सक्रिय हो गया। इसी वर्ष कंपनी नंबर 05 का गठन किया गया, जिसमें लगभग 40 सदस्य शामिल थे। इस कंपनी की कमान रामदेर और सम्पत को सौंपी गई। साथ ही प्लाटून नंबर 25 का गठन किया गया, जो परतापुर क्षेत्र में सक्रिय रहा।

### 2014 में बना उत्तर बस्तर डिवीजन

साल 2012 में नक्सलियों ने अपने ढांचे को और मजबूत करते हुए नॉर्थ यूनिफाइड कमांड का गठन किया। जून 2012 में कंपनी नंबर 01 और 05 को मिलाकर बटालियन नंबर 02 का गठन किया गया। जुलाई 2012 में नारायणपुर, कांकेर और बीजापुर के उत्तरी क्षेत्रों को मिलाकर माड़-उत्तर बस्तर संयुक्त डिवीजन कमेटी बनाई गई। हालांकि 2014 में इस संयुक्त डिवीजन को समाप्त कर पुनः माड़ और उत्तर बस्तर डिवीजन को अलग-अलग कर दिया गया। नक्सली संगठन के पास तीन एरिया कमेटियां, 10 एलजीएस, एक मिलिट्री कंपनी, प्लाटून नंबर 05 और सप्लाई प्लाटून नंबर 28 सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### पहली शहादत, पहली मुठभेड़ व पहला विस्फोट

कांकेर जिला में पहली शहादत 11 सितंबर 1998 को कोयलीबेड़ा में हुई थी, जिसमें प्रधान आरक्षक राजेश पाण्डेय शहीद हुए थे। जिले का पहला आईडी ब्लास्ट 25 मार्च 2000 को गावडेगांव से सुलंगी के मध्य थाना कोयलीबेड़ा अंतर्गत हुआ था जिसमें आरक्षक राधेलाल नेताम और प्रधान आरक्षक गोविद घायल हुए थे। इसी तरह से जिले में पहली मुठभेड़ 7 अप्रैल 1999 को तालाबेड़ा से कुम्हारी के मध्य थाना रावघाट में हुई थी, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ था।

# रायपुर के कपड़ा दुकान में कांकेर की दो युवतियों से अभद्रता की पुलिस में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रायपुर के पंडरी स्थित एक कपड़ा दुकान में कथित तौर पर हुई मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना ने अब गंभीर रूप ले लिया है। कांकेर निवासी दो युवतियों के साथ बदसलूकी और हिंसा के आरोपों ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि सामाजिक आक्रोश भी बढ़ा दिया है। युवतियों ने पुलिस महानिदेशक के नाम पर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की माँग किया है। जानकारी के अनुसार 30 मार्च 2026 को कांकेर निवासी तुलूराम सिन्हा की पुत्रियां चंचल सिन्हा और सन्नी सिन्हा अपने निजी कार्य से रायपुर गई थीं। काम समाप्त होने के बाद वे पंडरी स्थित कपड़ा की प्रकाश होलसेल दुकान में खरीदारी करने पहुंचीं। कपड़ा खरीदने के बाद उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 8709 रुपए का भुगतान भी कर दिया। आरोप है कि भुगतान के कई घंटे बाद भी जब युवतियों ने कपड़े की मांग की, तो दुकान संचालक के बेटे अभय लोढ़ा ने कथित रूप से उन्हें टालते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। विवाद बढ़ने पर दोनों युवतियों के साथ गाली-गलौज की गई और उनके साथ मारपीट भी की गई। इस दौरान उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और दुपट्टा तक खींचे जाने का आरोप है। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके रिश्तेदार को भी दुकान के कर्मचारियों द्वारा पीटा गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने देवेंद्रनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि अब तक उचित कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही, युवतियों की मेडिकल जांच और एमएलसी रिपोर्ट भी समय पर उपलब्ध ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ कपड़ा खरीदने के बाद ऑनलाइन 8709 रुपए का भुगतान किया फिर भी कपड़े देने में की आनाकानी

# अंतागढ़ पीएमश्री स्कूल व मावा मोदोल लाइब्रेरी का सचिव रीना बाबा साहेब ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं खाद्य विभाग के सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने अंतागढ़ स्थित पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल और मावा मोदोल लाईब्रेरी एवं नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया।

पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, मीडिया लैब, रिटेल लैब, केमिस्ट्री लैब, फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब, पुस्तकालय एवं शौचालय सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने परिसर में हरियाली बढ़ाने, स्कूल परिसर के मध्य शेड निर्माण कराने तथा बरामदे में पेवर ब्लॉक लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल परिसर में इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं बिजली की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली, जिस पर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने 100 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड उपलब्ध होने की जानकारी दी। सचिव ने विद्यार्थियों को वेयरहाउस, बैंकिंग प्रणाली एवं क्रेडिट एक्सेस के बारे में जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें बैंकों का भ्रमण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। इस पर कलेक्टर ने उन्हें जिले में स्थापित किए जाने वाले फाइनेंस लैब की जानकारी देते हुए बताया कि इससे छात्रों को भविष्य में वित्तीय ज्ञान प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि पीएमश्री स्कूल अंतागढ़ में वर्तमान में कुल 967 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिसमें हिन्दी माध्यम से 268 और अंग्रेजी माध्यम से 699 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। स्कूल निरीक्षण के पश्चात उन्होंने मावा मोदोल लाइब्रेरी अंतागढ़ का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद किया और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कलेक्टर और एसपी ने सेमरगांव कर्रसाड़ स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 2 अप्रैल से शुरू होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़. स्थल और अस्थायी हैलीपेड, कर्रसाड़ स्थल के नजदीक बागझर नाला में बनाए गए स्टाफ डेम का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा और जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी 1 अप्रैल को ग्राम सेमरगांव पहुंचे। संबंधित विभागीय अधिकारियों और समाज के लोगों से चर्चा कर कर्रसाड़ स्थल एवं मेला स्थल में मुहैय्या कराए जा रहे आवश्यक सुविधाओं जैसे-बिजली, पेयजल, पार्किंग इत्यादि की जानकारी ली, साथ ही स्थल का अवलोकन भी किया। उनके द्वारा मुख्य मार्ग के पास निर्माधान अस्थायी हैलीपेड, कर्रसाड़ स्थल के नजदीक बागझर नाला में बनाए गए स्टाफ डेम का निरीक्षण भी किया। जिला प्रशासन द्वारा कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, इसके संबंध में समाज के पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़. स्थल तक आवागमन के लिए जिला प्रशासन कांकेर द्वारा निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्रसाड़ अवधि में अंतागढ़ से सेमरगांव, कांकेर से सेमरगांव, और कोरर से सेमरगांव के लिए बस संचालित की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ बस स्टैण्ड से सेमरगांव व्याहा-कढ़ाई खोदरा-बड़ेपिंजोड़ी-सेमरगांव।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## दूरदराज के इलाकों को मिलेगी सुविधा

# स्वास्थ्य सेवाओं को मिली रफ्तार, 14 आधुनिक एम्बुलेंस को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को आज एक बड़ी मजबूती मिली, जब 14 नई 108 एम्बुलेंसों का बेड़ा आम जनता की सेवा में शामिल किया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह एम्बुलेंस अब दूरस्थ अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय तक आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक तेज, सुलभ और प्रभावी बनाएंगी। स्थानीय विधायक आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर इन एम्बुलेंसों को रवाना किया।

विधायक आशाराम नेताम ने इस अवसर पर कहा कि यह एम्बुलेंस आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनदायिनी साबित होंगी। विशेष रूप से सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों के मामलों में त्वरित उपचार मिलने से कई कीमती जिंदगियां बचाई जा सकेंगी। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के इस विस्तार से यह स्पष्ट है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि आम ▶▶| शेष पेज 10 पर





### आमाबेड़ा में 108 एंबुलेंस का होगा विस्तार

जानकारी के अनुसार इन 14 एम्बुलेंसों में से 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट और 12 बेसिक लाइफ सपोर्ट सुविधाओं से सुसज्जित हैं। एडवांस एम्बुलेंस में गंभीर मरीजों के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं, वहीं बेसिक एम्बुलेंस सामान्य आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करेंगी। जिला अस्पताल को 3 एम्बुलेंस मिली हैं, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा, भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ और दुर्गूकांदल के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमाबेड़ा में भी 108 एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार हुआ है।

### कार्यक्रम में यह रहे भी शामिल

आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक पर मामला दर्ज



**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई थी और विवेचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल के चालक ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी थी। पुलिस ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक अनिल राय पिता स्व. द्वारिका राय सड़क किनारे खड़े थे, तभी पेशन प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एसी 5773 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अनिल राय को तत्काल सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मर्ग क्रमांक 05/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की गई। जांच अधिकारी द्वारा गवाहों के कथन, शव पंचनामा, बेडहेड टिकट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि दुर्घटना तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण हुई। पुलिस ने मामले में मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 106 (1) के तहत अपराध दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गारका सबस्टेशन क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिए रोस्टर जारी

**कोण्डागांव।** जिले में विद्युत आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार इस रोस्टर के अनुसार विभिन्न सब–स्टेशनों एवं फीडरों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। गारका सबस्टेशन अंतर्गत बहीगांव एवं अरण्डी फीडर में सुबह 9 से 12 बजे तक बिजली चालू रहेगी, दोपहर 12 से 3 बजे तक बंद रहेगी तथा शाम 3 से 6 और रात 6 से 10 बजे तक पुनः आपूर्ति चालू रहेगी। वहीं धनोरा फीडर में सुबह 9 से 12 बजे तक बिजली बंद, दोपहर 12 से 3 बजे तक चालू, शाम 3 से 6 बजे तक बंद और रात 6 से 10 बजे तक चालू रहेगी। रोस्टर के अनुसार बहीगांव, अरंडी, धनोरा सहित कई ग्राम पंचायतों और बस्तियों में यह व्यवस्था लागू होगी। इससे उपभोक्ताओं को पूर्व निर्धारित समय के अनुसार बिजली मिलने में सुविधा होगी। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति केवल घरेलू उपयोग के लिए रहेगी। इस दौरान कृषि पंपों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### राजस्व पखवाड़ा का शुभारंभ गांव गांव में लगाए राजस्व शिविर

कोण्डागांव। जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में जिले की विभिन्न तहसीलों के ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। कोंडागांव, मर्दापाल, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल एवं धनोरा तहसील के अनेक ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। विवादित नामांतरण, खाता विभाजन एवं अभिलेख त्रुटियों से जुड़े मामलों का भी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर स्थल पर ही बी–1, खसरा, किसान किताब के आवेदनों का निराकरण कर दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बंगोली में दो परिवार के 6 सदस्यों ने की मूल धर्म में वापसी, खुशी का माहौल

## सामाजिक बैठक में परिवारों ने की लौटने की सार्वजनिक रूप से घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिले के फ़रसगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगोली में दो परिवार के छह सदस्यों की अपने मूल धर्म में वापसी हुई हैं। जिसके बाद अब पूरे गांव में ऐतिहासिक व खुशी का माहौल है। बंगोली सरपंच हीरालाल नेताम ने बताया गाँव की सुकबती बघेल पति स्व. आयतु राम बघेल और उसका बेटा संजय बघेल, गोविंद बघेल और बेटी कौशल्या बघेल यह सभी एक साथ पहले धर्मान्तरित हुए थे। गाँव के ही सतवन शोरी पिता मस्सु राम शोरी और उसकी पत्नी विनीता शोरी विगत तीन वर्षों से ईसाई धर्म में शामिल हुए थे। गांव में आयोजित एक सामाजिक बैठक के दौरान परिवारों ने सार्वजनिक रूप से अपने मूल धर्म में लौटने की घोषणा की। इसके बाद ग्रामीणों ने विधि-विधान के साथ मंगलवार को सभी सदस्यों की घर वापसी कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले इन परिवारों को इलाज के नाम पर भ्रमित कर धर्म परिवर्तन कराया गया था। हालांकि अब परिवारों ने अपनी इच्छा से वापस लौटने का फैसला लिया। इस दौरान ग्राम गायता पंचू राम नेताम, पुजारी शिवचंद भोयर, पटेल रामजी शोरी, ग्राम पंचायत बंगोली सरपंच हीरालाल नेताम उप सरपंच सुकमन मरकाम, ग्राम प्रमुख सुकमन पुजारी, सुखसिंह नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।



### गांव में अब कोई मतांतरित नहीं: सरपंच

ग्राम सरपंच हीरालाल ने बताया कि "हम सब मिलकर अपनी परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहते हैं, इसलिए सभी ने मिलकर इन परिवारों की घर वापसी करवाई । गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर बिना किसी दबाव के शांति पूर्वक हिंदू रीति रिवाज से मूल धर्म में वापसी किए हैं। फिलहाल गांव में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण है और लोग सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की बात कह रहे हैं। गांव की जनसंख्या 1700 के लगभग है, अब गांव में कोई भी मतांतरित परिवार नहीं है।

## जिले के लिए 7 बेसिक और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट से लैस एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

# शहरी क्षेत्र में 15 मिनट तो ग्रामीण इलाकों में 30 मिनट में पहुंचेगी एडवांस्ड एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार किया गया। इस क्रम में 6 बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं 1 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सहित कुल 7 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एम्बुलेंस को रवाना किया।



### आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अब हो जाएगी सुदृढ़

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि नई एंबुलेंस सुविधा से दूरस्थ अंचलों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ होगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने नए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के उद्देश्य से और स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी के सतत प्रयासों से यह जिले को यह सौगात मिली है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले को 9 एंबुलेंस की सौगात पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।



### नवजात शिशुओं के लिए भी व्यवस्था

नई एम्बुलेंस सेवाओं के शुरू होने से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण में 30 मिनट के भीतर सेवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के तहत पहली बार नियोनेटल एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की शुरुआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह सेवा चलते–फिरते नवजात आईसीयू के रूप में कार्य करेगी।

### आधुनिक उपकरणों से लैस एंबुलेंस

एम्बुलेंस में वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, इन्क्यूबेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर, नेब्युलाइजर सहित कई जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें प्रशिक्षित नवजात इमरजेंसी तकनीशियन, 24×7 ईएमटी एवं पायलट की उपलब्धता के साथ विशेषज्ञ चिकित्सक का ऑनलाइन मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया है। इन एम्बुलेंसों में इन्क्यूबेटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सिरिंज पंप, नेब्युलाइज़र, सक्शन मशीन, पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं 41 प्रकार की आपातकालीन दवाओं सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इन्हें "चलते-फिरते नवजात आईसीयू" के रूप में स्थापित करती हैं। इसके अतिरिक्त बीएलएस एवं एएलएस एम्बुलेंसों में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# पेड़ों के बीच हवा में अटकी कार, बाल-बाल बचे सवार युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर सारबेडा के पास बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार उछलकर दो पेड़ों के बीच हवा में ही अटक गई। बताया जा रहा है कि हादसा ओवरटेक के दौरान हुआ। कार में सवार 2-3 युवक भण्डारसिवनी से फरसगांव होते हुए अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और यह खौफनाक दृश्य सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और नियंत्रण खोने के कारण सीधे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

- नेशनल हाईवे 30 में रफ्तार व ओवरटेक बन रहा हादसों का कारण

### रफ्तार पर नियंत्रण जरूरी

यह घटना एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सख्त निगरानी और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी युवक पूरी तरह सुरक्षित हैं।



# जनपद पंचायत में किए गए शिक्षा कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जनपद पंचायत में शिक्षा के लिए पंचायत अंतर्गत सहयोग एवं अभिसरण के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत के सीईओ उत्तम महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीईओ द्वारा शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में विकासखंड कोंडागांव के 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में बेसलाइन एवं एंडलाइन आंकड़ों के आधार पर शिक्षा से जुड़ी उपलब्धियों की समीक्षा की गई। प्रतिभागियों ने समूह चर्चा के जरिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप व्यवहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन टीम के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतें अप्रैल माह तक अपनी शिक्षा कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करेंगी। शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट को पुनः शुरू करने की उठी मांग

## सीपीआई ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट से जुड़ी समस्याओं के समाधान एवं बंद पड़े प्लांट को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपते हुए प्लांट को शीघ्र चालू करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि प्लांट बंद होने से स्थानीय किसानों, श्रमिकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे रोजगार के अवसर भी प्रभावित हुए हैं। सीपीआई ने शासन से मांग की है कि प्लांट से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कर इसे जल्द से जल्द पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि किसानों और श्रमिकों को पुनः लाभ मिल सके।

# संगठनात्मक मजबूती से कार्यक्रम को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कालेज में 24 मार्च से 30 मार्च तक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।एफडीपी का मुख्य विषय अनुसंधान पद्धति के कौशल एवं बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण की समझ रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में अनुसंधान क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के विभिन्न दिनों में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों द्वारा शोध पद्धति, आईपीआर, डेटा विश्लेषण, शोध लेखन एवं अनुसंधान अनुदान जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिए गए। आगामी बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा किया गया है। प्रत्येक समिति को उनके कार्य के अनुसार दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि आयोजन के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। आयोजन समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पंजीकरण से लेकर मंच संचालन, मीडिया समन्वय, आवास, परिवहन और खानपान तक सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें।

- शासकीय काकतीय कालेज में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

**कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को पहुचाएंगे**

प्रेस एवं मीडिया समिति आयोजन की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करेगी, जिससे कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। आवास एवं परिवहन समिति बाहर से आने वाले अतिथियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखेगी। इस तरह सभी समितियों के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण से आयोजन को सफल और यादगार बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक मंडप में एक दूल्हा के दो दुल्हन से विवाह पर विवाद जारी

# सर्वआदिवासी समाज ने जांच व कार्रवाई के लिए दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



जिले में एक अनोखी शादी का मामला सामने आने के बाद सामाजिक विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम बैलगांव में एक दूल्हे द्वारा दो दुल्हनों से एक मेडप में फेरे लेकर विवाह करने की घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसके बाद इस पर सर्व आदिवासी समाज की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। 1 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव ने भी फरसगांव तहसीलदार कार्यालय पहुंच तहसीलदार को जांच और कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है. समाज के पदाधिकारियों ने इस तरह के विवाह को सामाजिक परंपराओं और मान्यताओं के खिलाफ बताया और इसे गलत ठहराया। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच की जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष पनकुराम नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज में विवाह की अपनी परंपराएं और नियम होते हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज की मर्यादा और परंपराओं के विपरीत हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष पनकुराम नेताम, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक फरसगांव अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष सोनधर नेताम, भण्डारवंडी सरपंच लेखराज नेताम, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक फरसगांव उपाध्यक्ष नन्द कुमार प्रधान, समेत अन्य मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### रायपुर के कपड़ा दुकान में कांकेर...

नहीं कराई गई, जिससे नाराजगी और बढ़ गई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद है, लेकिन फुटेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इससे मामले को दबाने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना को लेकर समाज में आक्रोश है और प्रशासन से पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौपते हहुए सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

### अंतागढ़ पीएमश्री स्कूल ...

व्यक्त की तथा जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना भी की। कलेक्टर ने मावा मोदोल कोचिंग सेंटर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ में मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिले से इस वर्ष यहां के 20 युवाओं ने सीजीपीएससी प्री परीक्षा उत्तीर्ण की है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा, एसडीएम राहुल राजक, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### कलेक्टर और एसपी ने सेमरगांव...

इसी प्रकार कांकेर नया बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-मलांजकुडुम-गुमझीर-उसेली-निलझर-बोड़ागांव से सेमरगांव और कोरर बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-हाटकर्रा-तरान्दूल-खसगांव-बोड़ागांव-सेमरगांव मार्ग से कर्रसाड़ स्थल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस संचालित किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का ...

पिता कृष्णा बघेल का पता तलाश के दौरान मुखबिर के बताए स्थान भानुप्रतापपुर में पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 30 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली रफ्तार...

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नई एम्बुलेंस सेवाओं के शुरू होने से कांकेर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था अब और अधिक सशक्त और संवेदनशील बनती नजर आ रही है। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को अब समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

# नक्सल प्रभावित सालातोंग में बहने लगी विकास की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीणों को मिला पेयजल संकट से मुक्ति

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ने सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम सालातोंग में बदलाव की नई इबारत लिख दी है। 15 अगस्त 2019 को शुरू किए गए इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन न्यूनतम 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में इसी लक्ष्य को साकार करते हुए नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कोंटा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सालातोंग में अब हर घर तक नल से स्वच्छ पानी पहुंच रहा है।

ग्राम सालातोंग, जो कोंटा से लगभग 100 किमी तथा जिला मुख्यालय सुकमा से 90 किमी दूर स्थित है, लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट से जूझता रहा। गांव के लगभग 80 घरों के लोग पीने और घरेलू उपयोग के लिए एक छोटे नाले पर निर्भर थे। गर्मी के मौसम में जब महीनों तक बारिश नहीं होती थी, तब नाले का जलस्तर इतना घट जाता था कि ग्रामीणों को बेहद सीमित मात्रा में पानी निकालना पड़ता था। कई बार पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष परेशानी होती थी। अब जल जीवन मिशन के माध्यम



से गांव में 100 नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य तेजी से किया गया, जिससे ग्रामीणों को घर बैठे शुद्ध जल उपलब्ध होने लगा है। मिशन के लागू होने के बाद गांव में न केवल जल संकट दूर हुआ, बल्कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। जलजनित बीमारियों में कमी आई है और ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।

जल जीवन मिशन के तहत सालातोंग में जल संरक्षण और जल सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। गांव के जल स्त्रोतों सोलर आधारित सिस्टम एवं हैंडपंप का नियमित रूप से जल गुणवत्ता परीक्षण किया जा रहा है। इस कार्य में जल बहिनियाँ भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और गांव की शिक्षित महिलाएं शामिल हैं। इन्हें जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया गया है, ताकि वे स्वयं पानी की जांच कर ग्रामीणों को सुरक्षित जल उपलब्धता सुनिश्चित कर सकें।

ग्रामीणों ने इस मिशन के लिए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता, घर में नल से पानी मिल रहा है, जिससे हमारा जीवन आसान और सुरक्षित हुआ है। जल जीवन मिशन ने सालातोंग में स्वच्छ जल पहुंचाकर यह साबित कर दिया है कि सरकार की योजनाएं जब जमीन पर उतरती हैं, तो दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी विकास की नई रोशनी पहुंचती है।

## खबर संक्षेप

### राम नवमी मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**मददेड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मददेड में नौ दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाए गए चैत्र नवरात्रि एवं राम नवमी मेला का समापन बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए। मेला परिसर में अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना, कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। राम नवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की झांकियां श्रद्धालुओं का मन मोह रही थीं। मेला के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे।

### गैस, पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी आवश्यक ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा नियमित रूप से आपूर्ति भी जारी है। वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का लगभग 1000 नग स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा जबरन स्टॉक करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें और ईंधन का  सिमित उपयोग करें।

## विधायक की पदयात्रा में बड़ी संख्या में जुट रहे लोग

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क पर उतरे लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा




बस्तर जिला की जनसमस्याओं को लेकर आज एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल स्वयं जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। यह पदयात्रा लगातार व्यापक रूप लेती जा रही है और

■ समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा

जैसे-जैसे कारवां आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुड़ते जा रहे हैं।

पदयात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों में विधायक का स्थानीय माता-बहनों, ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जा रहा हैं, जगह-जगह पदयात्रियों का अभिनंदन किया जा रहा हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में जनसमर्थन का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा हैं। ग्रामीण विधायक के इस पहल को काफी सराहना कर रहे है और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक मजबूत कदम मान रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि बस्तर जिला की जनता की आवाज है। इस यात्रा के माध्यम से वे सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी भावनाओं, परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुन रहे हैं उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की प्रमुख मांगों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और उनके समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

बघेल ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में लोगों को आज भी सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। कई बार शासन-प्रशासन को इन समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहे है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने कहा कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बस्तर जिला की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और शासन-प्रशासन को जनभावनाओं से अवगत कराना है यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं, जिनमें पेयजल संकट, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, राशन वितरण में अनियमितता एवं रोजगार की समस्या प्रमुख रूप से शामिल रही। विधायक ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

# छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हो रहा है हनन: कृष्णा

## राज्यपाल के नाम पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली को लेकर एनएसयुआई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के अध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने पांच सुत्रीय मांगो लेकर

■ छात्र संघ चुनाव को लेकर एनएसयुआई ने खोला मोर्चा

राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने कहा कि हम प्रदेश



के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं विगत कई वर्षो से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है यह स्थिति छात्रों की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है, जिसे अब छात्र संगठन अब किसी भी स्थिति में स्वीकार करने को तैयार नही है।

### छात्रों के अधिकार सम्मान और भागीदारी है चुनाव

कृष्णा ठाकुर ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक प्रक्रिया नही, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और भागीदारी की बुनियाद है। इसके माध्यम से छात्रों के नेतृत्व, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुभव प्राप्त होता है। वर्तमान में चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुच पा रही है।

### ये है प्रमुख मांगें

प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली की जाएं जिससे छात्र संघ चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से कराए जाएं। साथ ही चुनाव कार्यक्रम तिथि एवं प्रक्रिया की शीघ्र घोषणा की जाएं। छात्र हितों की रक्षा हेतु छात्र प्रतिनिधियों को अधिकार एवं मान्यता दी जाए। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए छात्र संघ व्यवस्था को पूनः लागू किया जाए।

### अन्यथा होगा चरणबद्ध आंदोलन

एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्रो को अधिकारों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु तत्काल आवश्यक निर्देश जारी कर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की कृपा करें। अन्यथा, छात्र संगठन अपने अधिकारों के लिए चरणबद्ध आदोलन को और उग्र करने हेतु बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# नक्सल मुक्त होने पर शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर 1 अप्रैल को शहीद स्व. मुरली तिवारी थाना लोहंडीगुड़ा व वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुरक्षा बलों के सर्वोच्च बलिदान और नक्सलवाद के खात्मे की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित है।

प्रदेश नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद लोगों ने बुधवार को खुशियां मनाई। भाजयुमो के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने कहा प्रदेश नक्सल मुक्त होने से इसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा। नक्सलियों के आत्मसमर्पण के चलते सरकार को गांव तक विकास को



पहुंचने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। श्रद्धांजलि सभा में मंडल अध्यक्ष  मंगतू कश्यप, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सावेंद्र सेठिया, बाल सिंह ठाकुर, तुलसी सिंह, विजय गुप्ता, लखन ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर, प्रेम लाल यादव, गुड्डू कश्यप, चैंतन ग्वाल, शिवनंदन, उमेंद्र ठाकुर, हरिराम नाग,  डमरू कश्यप, लोहण्डीगुड़ा थाना प्रभारी रवि कुमार बैगा मौजूद रहे।

# नक्सल हिंसा के शहीदों को दीप प्रज्वलित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक में नक्सल हिंसा में शहीद हुए वीर जवानों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को दिप प्रज्वलित कर एवं मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उनकी पूरी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजयुमो निलाध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा कि देश अब नक्सल मुक्त हो गया है इसके लिए हमारे सैकड़ों जवानों ने



अपनी शहादत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के दृढ़ ईच्छाशक्ति एवं संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लगातार प्रयासों से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक अवसर पर जिला मुख्यालयों में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आज जयस्तंभ चौक दंतेवाड़ा में किया गया है।

# अंबेडकर जयंती पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मंगल भवन बीजापुर में वर्ष 2026 अंबेडकर जयंती के आयोजन हेतु सर्व समाज बीजापुर की बैठक रखी गई। जिसमें सर्व सहमति से आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें तय किया गया कि सभी समाजों के जिलाध्यक्ष समिति के संरक्षक होंगे साथ ही अंबेडकर आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सकनी चंद्रैया, उपाध्यक्ष आदिनारायण पुजारी, कमलेश पैकरा, जुलियस तिर्की, सुशील हेमला, कामेश्वर दुब्बा, अशोक तलाण्डी, बी माधव राव, सुदेश गुरला, सचिव अमित



कोरसा, सह सचिव राजेश धृतलहरे, एजाज सिद्धीकी, कोषाध्यक्ष बसंत मामड़ीकर, उपकोषाध्यक्ष जगबँधु माँझी, मीडिया प्रभारी कैलाश रामटेके एवं सतीश मण्डावी चुने गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सर्व समाज के सदस्य एवं युवा कार्यकारणी सदस्य होंगे। रैली एवं सभा के साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गाँवों एवं ब्लाक मुख्यालयों में प्रथम पहर मे आयोजन के बाद द्वितीय पहर मे सभी ग्राम एवं विकासखण्ड के लोग जिला मुख्यालय के जयंती समारोह में शामिल होंगे।

# स्पाक टीवीएस के मेगा लक्की ड्रॉ विजेताओं को मिले पुरस्कार

## बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार शाम को जगदलपुर ऑटोमोबाइल सेगमेंट में जुड़े नए अध्याय स्पाक टीवीएस का मेगा लक्की ड्रॉ का आयोजन आकाशवाणी रोड स्थित शोरूम में किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर संजय पांडे के हाथों स्पॉक टीवीएस के मेगा लक्की ड्रॉ के विजेताओं के कूपन निकाले गए।

प्रथम पुरस्कार एयर कंडीशनर रानू साहा, द्वितीय पुरस्कार एलईडी साधना गुप्ता एवं तृतीय पुरस्कार

■ प्रथम पुरस्कार रानू साहा को तो तृतीय खुशबू गोलछा को मिला

रेफ्रिजरेटर खुशबू गुप्ता के नाम निकला। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा एवं लक्ष्मण झा, पार्षद पारुल बोथरा, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कैलाश चौहान, शक्ति सिंह चौहान एवं शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों के हाथों विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। तीन प्रमुख पुरस्कारों के अलावा 20 ग्राहकों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

संचालक संजीव कपूर एवं अक्षत कपूर ने बताया कि स्पाक टीवीएस ने जगदलपुर के ग्राहकों के लिए शुभारंभ से पूर्व ही ऑफर का पिटारा खोलते हुए प्रत्येक ग्राहक के लिए मेगा लक्की ड्रॉ में शामिल होने










का मौका दिया था। प्री बुकिंग ऑफर के तहत वाहनों की बुकिंग कराने पर ग्राहकों को एक से तीन हजार तक का डिस्काउंट, एक हजार रुपए तक का फ्यूल वाउचर, हर खरीदी पर निश्चित इनाम के साथ मेगा लक्की ड्रॉ में शामिल होने का ऑफर भी दिया गया। यह योजना 31 मार्च की शाम 5 बजे तक की खरीदी पर थी। इसी दिन संध्या 6 बजे सभी ग्राहकों की मौजूदगी में लक्की ड्रॉ के माध्यम से कूपन निकाले गए एवं भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका पर हुई चर्चा

**कोंटा।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो प्रशिक्षण वर्ग कोंटा मंडल में संपन्न कराया गया। कोंटा भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कराए गए इस प्रशिक्षण वर्ग अभियान की शुरुआत 30 मार्च से 31 मार्च तक सामुदायिक भवन कोंटा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन हुआ। तत्पश्चात महिला मोर्चा की दीदियों ने तिलक कर सभी का स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, मोर्चों के जिला पदाधिकारी तथा प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारी 8 शक्तिकेंद्रों के प्रभारी, संयोजक सह-संयोजक, 42 बूथ अध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बीएलओ शामिल हुए।



प्रशिक्षण में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका, और सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। समापन पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का आह्वान किया गया। कोंटा में भाजपा की दो दिवसीय 24 घंटे प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान में कुल नव सत्र बनाए गए थे। जिसमें प्रथम दिन के सत्र में छह सत्र तथा द्वितीय दिन में तीन सत्र चले। जिसमें अलग-अलग वक्ताओं ने वैचारिक अधिष्ठान एकात्म मानव दर्शन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पंच निष्ठाएं सहित इतिहास विकास कार्य विस्तार की दृष्टि कार्य पद्धति कार्यकर्ता संभल सोसल मिडिया मीडिया संगठन के लिए सहारात्मक परसेप्शन निर्माण गरीब कल्याण योजनाएं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका इत्यादी सहित बूथ प्रबंधन मन की बात बूथ स्थायी कार्यक्रम के साथ नवम वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे मार्गदर्शित संबोधन के साथ समापन हुआ। विभिन्न भाजपा मोर्चा के पदाधिकारियों में चले अलग-अलग सत्रों के वक्ताओं के तौर पर कोंटा नगर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ वक्ता नूपुर वैदिक, विश्वराज सिंह चौहान, श्रीमती पार्वती प्रधानी, हुंगाराम मरकाम, संजय सोड़ी, आयताराम मण्डावी, धनीराम बारसे विशेष तौर पर शामिल रहे।

### प्राकृतिक खेती पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों हारम, भूतपदर, पुरनतराई, गाटम एवं श्यामगिरी में 28, 30 एवं 31 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, कम लागत में अधिक उत्पादन तथा रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों के बारे में जागरूक करना था।

### नाम परिवर्तन की सूचना

दिनांकः - 01/04/2026

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार मानोबाई कुंजाम, पति - सिंगलू राम कुंजाम उम्र- 51 वर्ष, जाति- गोंड निवासी ग्राम-ईरागांव, तहसील- भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम मानोबाई कुंजाम MANOBAI KUNJAM पति- सिंगलू राम कुंजाम SINGALU RAM KUNJAM है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 3007 2718 1976 में नाम ममो बाई कुंजाम MAMO BAI KUNJAM पति- सिंगलू राम कुंजाम SINGLU RAM KUNJAM त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर मानोबाई कुंजाम MANOBAI KUNJAM पति- सिंगलू राम कुंजाम SINGALU RAM KUNJAM लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 19/03/2026 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम मानोबाई कुंजाम MANOBAI KUNJAM पति- सिंगलू राम कुंजाम SINGALU RAM KUNJAM किया जावें तथा पहचाना जावें।

रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)
भानुप्रतापपुर जिला - उ. ब. कांकेर
(छ.ग.) मो.- 9098406706

### नाम परिवर्तन की सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार कुमार लाल पिता अगनू, उम्र 50 वर्ष जाति- गोड, निवासी ग्राम-टेकाढोडा, तहसील- भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का वास्तविक व सही नाम कुमार लाल **KUMAR LAL** पिता- अगनू **AGHNU** है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- **9339 4231 9642** में नाम धीरज मंडावी **DHIRAJ MANDAVI** पिता- अघनू राम मण्डावी **AGHNU RAM MANDAVI** एवं ऋण पुस्तिका में धीरज कुमार, पिता- अगनू व धीरज कुमार, पिता-अगनूराम एवं पेन कार्ड में **DHIRAJ MANDAVI**, पिता- **AGHNOO** त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर कुमार लाल **KUMAR LAL** पिता- अगनू **AGHNU** लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ-पत्र दिनांक- 10/03/2026 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड एवं सम्पूर्ण दस्तावेजों में, मेरे पक्षकार का नाम कुमार लाल **KUMAR LAL** पिता- अगनू **AGHNU** किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांकः- 01.04.2026

रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)
भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर
(छ.ग.), मो.- 9098406706

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य रथयात्रा

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापुर के धर्मनगरी संबलपुर में सामूहिक रूप से जैन श्री संघ ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रथयात्रा निकाली और इस अवसतर पर समाज में उत्साह देखने को मिला। आयोजित यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए, श्रीराम चौक पहुंची, जहां पर जैन समाज के सामाजिक बंधुओं के द्वारा भक्ति गीतों में खूब नाचते नजर आए, इस भक्ति मय कार्यक्रम के कारण संबलपुर पुरा गांव भक्ति में डूबा नजर आया। रास्ते भर सामाजिक बंधुओं एवं अन्य समाज के द्वारा ठंडा पे जल, काजू, बादाम, पिस्ता, चॉकलेट, आइसक्रीम,शरबत बांटें गये। इस दौरान जैन समाज ने अपने 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के सत्य अहिंसा एवंऊ सौहाद्र के मार्ग पर चलने के संदेश का प्रचार किया। साथी जियो और जीने दो के मार्ग पर चलने कि अपील किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था। आयोजित यात्रा में खरियार रोड से आए गायक जगदीश सोनी के द्वारा भक्ति गीतों से समूचे संबलपुर गांव को भक्ति मय बना दिया। एक दिन पूर्व संध्या पर जो भक्ति कार्यक्रम हुआ, उसमें हैदराबाद से आए संयम नवेडा ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। अंत में जैन श्री संघ संबलपुर के युवा उपाध्यक्ष फत्ते चंद बोथरा ने कहा कि अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से दूर रहना नहीं बल्कि मन वचन और कर्म से किसी को आहत न करने का संकल्प है वही अपरिग्रह हमें अनावश्यक संग्राह से दूर रहकर संतोष का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है।इस कार्यक्रम में जैन श्री संघ संबलपुर के अध्यक्ष पारसमल बोथरा, कोषाध्यक्ष कुशल संचेती, पूर्व अध्यक्ष संचेती जी, समाज के वरिष्ठ नेमीचंद बोथरा, पुखराज बोथरा,प्रमोद चोपड़ा, भंवरलाल संचेती, प्रदीप चोपड़ा, केवल संचेती,चुन्नीलाल लाल पराख ,रानुलाल जी बोथरा,युवा हरीश संचेती, संदीप गुंणधर, महावीर संचेती,शैलेश गुणाधर,संयम पराख ,विमल कोठारी, भानुप्रतापपुर से आए, कपूर चंद जैन, कोमल संचेती, नमन झाबक, एवं समाज के जेष्ट श्रेष्ट समाजिक बंधु संबलपुर,भानुप्रतापपुर के महिला पुरुष एवं बच्चे भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### राजस्व पखवाड़े के जरिए सीधे जनता तक पहुंच रहा प्रशासन

**जगदलपुर।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत बस्तर संभाग में जमीनी स्तर पर कार्य तेज हो गया है। इसी तारतम्य में बुधवार को कमिश्नर डोमन सिंह ने ग्राम आड़ावाल और नानगुर तहसील के ग्राम साड़गुड़ में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शिविर स्थल पर पहुँचकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें, राजस्व संबधी कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और आम जनता को सहूलियत प्रदान कर शिविर में ही समाधान उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से अविवादित नामांतरण और बंटवारा के लंबित प्रकरणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इनका समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।




## कार्रवाई : ढाबों पर खुलेआम परोसी जा रही थी शराब

# हाईवे किनारे के तीन ढाबों में पुलिस ने दी दबिश, अंग्रेजी शराब की खेप मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर से गुजर रहे हाईवे किनारे ढाबों पर शराब परोसने की शिकायतें लगातार आ रही थी। बीती रात को हुई शिकायतों पर काम करने का प्रयास कांकेर थाना की पुलिस ने किया और तीन ढाबा में औचक छापा मारा, जहाँ परोसी जा रही अंग्रेजी शराब को जप्त करने में सफलता मिली।

■ कार्रवाई से ढाबा संचालकों में मची हड़कंप

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत 31 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस बनसोडे प्रतिक दादासाहेब के नेतृत्व में विशेष टीम ने हाईवे से लगे ढाबों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम कोमलपुर स्थित कोमलपुर कावड़े ढाबा एवं रेस्टोरेंट, सालिक ढाबा और कुंवर दादरा ढाबा गढ़पिछवाड़ी को चारों ओर से घेरकर रेड की कार्रवाई किया गया। कार्यवाही टीम में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरीक्षक डीआर साहू, सहा उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, तेजेश्वर कश्यप, प्रधान आरक्षक फलेश्वर कुदराम, गीतेश्वर कुलदीप, आरक्षक शक्ति सिंह, आरक्षक अरूण मंडावी, आरक्षक वयंत सरोज, आरक्षक ईश्वर, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी और आरक्षक रोशन शामिल रहे।



### कावड़े ढाबा में मालिक व कर्मचारी पर हुई कार्रवाई

कोमलपुर कावड़े ढाबा एवं रेस्टोरेंट (जंगल ढ़ाबा) पहुंच कर ढाबा के काउंटर पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम बिरेन्द्र कुमार जुर्री पिता हिरालाल उम्र 26 वर्ष निवासी कुकरादाहा बताया। ढाबा से देशी मदिरा प्लेन शोले 15 शीशी जिसमे प्रत्येक मे 180 एमएल शराब भरी हुई कुल 2700 एमएल व गोल्डन गोवा 05 नग प्रत्येक मे 180 एमएल कुल कुल 900 एमएल, बेगपाईपर 01 नग शराब 180 एमएल, मूड आफ 03 नग 180 एमएल, 540 एमएल, थर्डर बोल्ट 04 नग बीयर 650 एमएल की शीशी मे शराब भरा कुल 2600 एमएल, जुमला अग्रेजी शराब 6920 एमएल कुल कीमती 3400 रुपए का मिला। बरामद शराब व कोमलपुर कावडे ढाबा मालिक के संबंध में वैध दस्तावेज जानकारी पेश करने धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामिल किया जिसने उक्त सबंध में कोई वैध लायसेंस नहीं होना एवं ढाबा का संचालक ईश्वर सिंह कावडे पिता रिसऊराम कावडे उम्र 43 वर्ष निवासी कोमलपुर होना लिखित मे जानकारी दिया। आरोपी बिरेन्द्र कुमार जुर्री पिता हिरालाल का कृत्य धारा 34 (2) आब. अधि. और ढाबा संचालक ईश्वर सिंह कावडे पिता रिसऊराम कावडे उम्र 43 वर्ष नि. कोमलपुर थाना कांकेर का कृत्य धारा 36 (ए) आब. अधि. का अपराध साक्ष्य सबूत पाए जाने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर जप्तशुदा शराब को गवाहों के समक्ष सीलबंद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2), 36 (ए) आबकारी अधिनियम का मौके पर देहाती नालसी दर्ज कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया।

### गढ़पिछवाड़ी के ढाबा में मिली शराब



कुंवर दादरा ढाबा गढपिछवाडी कांकेर के मालिक द्वारा दो लोगो को शराब पिलाते पाया गया। पुलिस को आता देख दो लोग घटना स्थल से भाग गए ढाबा मालिक का नाम पता पुछने पर अपना नाम रविन्द्र साहू पिता जीवन लाल साहू उम्र 42 वर्ष साकिन गोविन्दपुर कांकेर का रहने वाला बताया, जिसके ढाबा से 01 पौव्वा रायल चैलेन्ज आधा भरा हुआ अग्रेजी शराब, 02 नग डिस्पोजल गिलास, 01 पानी बाटल, 01 पैकेट नमकीन, मिलने पर पंचनामा तैयार कर रविन्द्र साहू को अपने ढाबा में शराब पिलाने के सम्बध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हिदायत दिया गया जो इस सम्बध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज पेश नही करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहो के समक्ष 1 अप्रैल की सुबह डेढ़ बजे जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 36 (ए) आबकारी अधिनियम का पाए जाने से ढाबा मालिक रविन्द्र साहू को पूछताछ करने पर शराब पिलाना कबूल करने पर गिरफ्तार किया गया।

### सलित ढाबा में मिली शराब

सलित ढाबा मालिक सलित कावड़े के काउंटर में रखे देशी मदिरा प्लेन शोले 20 नग पौवा एवं पैंट के जेब में 240 रूपए मिला, जिसके सबंध में बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। देशी मदिरा प्लेन शोले 20 नग पौवा शराब जिसके प्रत्येक बटल में 180 एमएल मरी हुई कुल मात्रा गात्रा 3600 मिली लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब कुल कीमती 1600 रूपए का होना पाया गया जिसके सबध में गिनती पंचनामा तैयार कर संदेही ढाबा मालिक सलित कावड़े को उक्त शराब रखने एवं बिकी करने के सबंध में धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामिल किया जिसने उक्त सबंध में कोई वैध लायसेंस नहीं होना लिखकर दिया। आरोपी सलित कावड़े पिता रिसउ राम कावड़े उम्र 36 वर्ष निवासी गोवर्धन थाना कांकेर का कृत्य अपराध धारा 34 (1) (ख) आबकारी अधिनियम का पाये जाने पर 31 मार्च की रात 11 बजकर 40 मिनट पर गिरफ्तार किया गया।



## भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर के व्यापारी वर्ग के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए व्यापारी संघ भानुप्रतापपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। यह घोषणा संघ के अध्यक्ष राकेश रामानी द्वारा वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से की गई।

घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी, मोहन हरदवानी एवं जीवन चंद जैन, विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन तथा जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के नरेश जैन, कार्यसमिति में नारायण पाढ़ी , एजाज रिजवी, यश कथूरिया , अजय लखवानी, फुरकान अहमद, गोपाल राठी, प्रदीप नवलानी, विजय धमेचा, ऋषभ गजेंद्र, हरीश शर्मा, अभिषेक पांडेय, लक्ष्मण माखीजा, आदित्य गोलानी, लोकेश सामनानी, इसके अतिरिक्त अन्य सदस्यों में महेश गुप्ता, मार्तंड ठाकुर, नरेंद्र सावले, हरीश सोनी, सुनील भंसाली , प्रभु निषाद , मनोज पंजाबी, रवि गोगड़ , आनंद चौरसिया, नमन जैन, सुरेंद्र साहू, विवेक गुप्ता, आनंद जैन, सत्येंद्र मोटी कुलदीप, वेमन कुदराम, परवेज शेखानी, भगत शांडिल्य और प्रसन्न गांधी को भी शामिल किया गया।

व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश रामानी ने कहा कि नई टीम के गठन से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और आपसी समन्वय को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से मिलकर कार्य करने और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया।

## दुर्गूकोंदल में गैस संकट गहराया, सिलेंडर के लिए भटक रहे लोग

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की भारी कमी ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि उपभोक्ताओं को कई दिनों तक इंतजार करने के बाद भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। बुकिंग कराने के बावजूद समय पर डिलीवरी नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय उपभोक्ता मुन्ना सिन्हा, ओम् दुग्गा और महेश कुमार महादेव रावटे ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। गैस एजेंसी के चक्कर काटने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे उनकी दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है।



यहां गैस की अनुपलब्धता के कारण लोग फिर से पारंपरिक ईंधन जैसे लकड़ी और कोयले का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं। इससे न केवल समय और श्रम की अधिक खपत हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खासतौर पर महिलाओं को धुएं के बीच खाना बनाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस संबंध में इंडियन गैस वितरक भावेश कुमार सोनी ने बताया कि गैस की बढ़ती मांग को देखते हुए इंडियन गैस कंपनी को अतिरिक्त आपूर्ति के लिए अनुरोध भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## फारेस्ट डिपो जंगल में महिला से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजूर थाना क्षेत्र में लकड़ी लेने गई महिला के साथ दुष्कर्म का मामला समाने आया। पीड़िता कि शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल का सलाखों में भेजा गया। प्रार्थियां ने 31 जनवरी को थाना पखांजूर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो महिना पूर्व जंगल लकड़ी लेने गई थी। सुबह करीब 9 बजे आरोपी तरसेम सरदार जंगल में आया और अचानक पीछे से पकड़कर कर पत्थर के ऊवा गिरा दिया और दुर्ष्कम किया। थाना पखांजूर में 63/2026 धारा- 64 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पखांजूर पुलिस ने आरोपी छोटे कापसी निवासी 38 वर्षीय तरसेम सिंह पिता स्वर्ण सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान आरोपी जुर्म स्वीकार करने से 1 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पाखंजूर लक्ष्मण केवट, उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर, एएसआई बिन्दुलता देवांगन, प्रआर रुबेन टोप्पो, मआर सरोज मण्डावी, आरक्षक मनोज राणा का अहम भूमिका रहा।

## पण्डरीपानी की भागवत कथा में सुदामा चरित की अमृतधारा ने किया भावविभोर



**कांकेर।** जिले के समीप स्थित ग्राम पण्डरीपानी इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत केंद्र बना हुआ है। यहां 25 मार्च से प्रारंभ हुई नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं हनुमान प्रकटोत्सव 2 अप्रैल तक श्रद्धा और भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। पण्डरीपानी तालाब के समीप चल रहे इस आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। 31 मार्च को सुदामा चरित्र का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा व्यास ने सुदामा की जीवन गाथा का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि वे एक विद्वान, संत स्वभाव के ब्राह्मण थे, जिनके पिता का नाम स्वफल्क मुनि और माता का नाम गोमा देवी था। सुदामा अत्यंत गरीब थे, किंतु उनका मन सदैव भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहता था। उन्होंने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण गुरुकुल काल के घनिष्ठ मित्र थे। समय बीतने के बाद जहां श्रीकृष्ण द्वारिका के राजा बने, वहीं सुदामा ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी संतोष और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। उनकी पत्नी के आग्रह पर वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, जहां श्रीकृष्ण ने उनका अत्यंत सम्मान करते हुए स्वयं दौड़कर उन्हें गले लगाया। सुदामा द्वारा लाए गए चावल पोहे के छोटे से उपहार को भी श्रीकृष्ण ने प्रेमपूर्वक स्वीकार किया। कथा व्यास ने बताया कि सच्ची मित्रता में धन या वैभव का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि भाव और प्रेम ही सबसे बड़ा धन है। बिना कुछ मांगे ही श्रीकृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता दूर कर उन्हें समृद्धि प्रदान की। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान गोवर्धन लीला, पूतना मोक्ष, तृणावर्त वध, ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद कथा जैसे प्रसंगों का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान की हर लीला हमें सत्य, भक्ति और सेवा का मार्ग दिखाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया।

## अग्निवीर नौसेना भर्ती के लिए कांकेर एवं भानुप्रतापपुर में जारी है विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए जिले में एक नई सुबह की शुरुआत हुई है। भारतीय सेना और अग्निवीर नौसेना भर्ती की तैयारी अब दूर का सपना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और सशक्त पहल के साथ हकीकत बनती नजर आ रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर 1 अप्रैल से शुरू हुए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम ने युवाओं में नया जोश और आत्मविश्वास भर दिया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पूना परियोजना विकासखंड कांकेर, नरहरपुर और चारमा के युवाओं के लिए सिंगारभाट स्थित वृहद खेल मैदान में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जहां पहले ही दिन 142 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पंजीयन करवाया। अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा के युवाओं के लिए पूना परियोजना चौगेल मुल्ला में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है, जहां 108 युवाओं की भागीदारी दर्ज की गई। इन क्षेत्रों में पहले से ही 120 युवक नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को शारीरिक दक्षता, सहनशक्ति, दौड़, व्यायाम और अनुशासन की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अनुभवी प्रशिक्षकों और विषय विशेषज्ञों की देखरेख में यह कार्यक्रम पूरी तरह लक्ष्य आधारित और परिणामोन्मुख बनाया गया है।

■ युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**युवाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर :** यह पहल जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश कुमार मंडावी के निर्देश पर संचालित हो रहा है। यह पहल न केवल युवाओं को सेना में भर्ती के लिए तैयार कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर बनकर उभरा है, जहां संसाधनों की कमी के बावजूद अब उन्हें समान मंच और मार्गदर्शन मिल रहा है।

# साधुमिचगांव के मजदूरों को मेहनताना मिला, जिम्मेदारी तय करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में वन विभाग द्वारा कराए गए कूप निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को आखिरकार 4 महीने बाद उनका भुगतान मिल गया। लगभग 3 लाख 30 हजार रुपए की यह राशि लंबे समय से लंबित थी, जिसे लेकर मजदूरों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार शिकायत दर्ज कराई थी।

मजदूरों ने अपनी परेशानी को लेकर समाचार पत्रों और वन विभाग के अधिकारियों तक आवाज उठाई थी। इसके बाद जब मामला सार्वजनिक हुआ, तो प्रशासन हरकत में आया और लंबित भुगतान जारी कर दिया गया। मजदूरों के खातों में राशि पहुंचने के बाद राहत की स्थिति देखी गई और उन्होंने इसके लिए समाचार पत्रों तथा संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे ने इस कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि शिकायत पर त्वरित कदम उठाना सराहनीय है।



उन्होंने कहा हम धन्यवाद देते हैं कि हमारी शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करते हुए मजदूरों का भुगतान किया गया, लेकिन इससे एक गंभीर सवाल भी खड़ा होता है कि बिना शिकायत के समय पर भुगतान क्यों नहीं किया गया। मजदूरों को हर बार अपने हक के लिए संघर्ष और शिकायत करने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए।

यह प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है कि मजदूरों को उनका मेहनताना समय पर और बिना किसी बाधा के मिले। स्थानीय मजदूरों का भी यही कहना है कि अगर समय पर भुगतान मिल जाता, तो उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। कई मजदूरों ने बताया कि उन्हें घर खर्च चलाने और दैनिक जरूरतें पूरी करने में कठिनाई हुई। अब जब भुगतान हो चुका है, तो लोगों की मांग है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे मजदूरों को समय पर उनका अधिकार मिल सके।

